दानह औद्योगिक संघों ने प्रशासक प्रफुल पटेल से मुलाकात कर दमण में एनआईएफटी के कैंपस स्थापित करने के लिए माना आभार

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 27 जुलाई। दादरा नगर हवेली के औद्योगिक संघों के प्रतिनिधि मंडल फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने आज दमण पहुंचकर संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव प्रशासक प्रफुल पटेल से मुलाकात कर दमण में एनआईएफटी के कैंपस स्थापित करने के लिए आभार माना। साथ ही देश के एक प्रमुख फैशन शिक्षा संस्थान का कैंपस दमण में स्थापित करवाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों ने कहा कि युवा देश की पूंजी होते हैं, उनमें किया गया निवेश देश की प्रगति को सार्थक बनाता है। इस छोटे से प्रदेश में स्वतंत्र इंजीनियरिंग कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद प्रशासक प्रफुल पटेल के प्रयासों से एनआईएफटी के कैंपस की दमण में स्थापना सचमुच एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल प्रदेश के युवा नागरिकों को उनके कैरियर को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि दादरा नगर हवेली एवं दमण की कपड़ा इकाइयों को उनके घर की दहलीज पर ही नई-नई डिजाइंस उपलब्ध हो सकेगी। उद्योगों ने प्रशासक को आश्वासन दिया कि वह प्रशासन के सभी सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रयासों में पूरी तरह से उनके साथ हैं। प्रशासक ने इस दौरान उद्योगों को प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग देने का भरोसा दिया और उन्होंने कहा कि वह उद्योगों की समस्याओं से अवगत है। उन्होंने कहा कि यदि उद्योगों को उनसे किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वह बेझिझक होकर बताएं। प्रशासन प्रदेश के सर्वांगीण विकास में उद्योगों की भूमिका को समझता है। प्रतिनिधि मंडल में संजीव कपूर, अतुल शाह, अजीत यादव, नरेंद्र त्रिवेदी एवं के. टी. परमार शामिल रहे।